बुकटाइम

PEARSON

booktrust

अपने बच्चे के साथ पढ़ना

भूमिका :
माइकेल रोज़न

Hindi Edition

शिक्षण और प्रकाशन कंपनी, पियरसन की ओर से किताब का ये पैकेट एक उपहार है आपके बच्चे के लिए। बुकट्रस्ट, के सहयोग से २००६ में एक स्वतंत्र चैरिटी, बुकटाइम की स्थापना की गई ताकि बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा की जा सके ।

अधिक जानकारी के लिए,
कृपया अंतिम पृष्ट देखिए ।

किताबों का मिल बांट कर पढ़ना

हो सकता है कि कुछ समय से आप अपने बच्चे के साथ किताबें देख रहे हों ।

- अपने बच्चे के साथ किताबें पढ़ना मज़ेदार होता है । यह एक ऐसा समय होता है जब हंसते और बतियाते आप एक दूसरे के करीब आ जाते हैं ।
- सभी को शामिल करना अच्छा होता है - भाई-बहन, दादा-दादी, नाना-नानी - और आपके परिवार के सभी महत्वपूर्ण लोग ।

माइकेल रोज़न की भूमिका

बच्चों के साथ पढ़ना उनसे बातचीत करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। आमने सामने बैठ कर बात करने की बजाय, हम दोनों एक ही दिशा में चित्रों को देखते हैं जबकि बच्चा बोले गए शब्दों को सुनता है ।

यह जानने के लिए कि क्या हो रहा है, अधिकतर बच्चा हमसे दोबारा पढ़ने का आग्रह करता है या फिर पृष्टों को, जब जैसे चाहे पलटना चाहता है । इस सब के दौरान, बच्चों के मनोरंजन और उनमें जिज्ञासा जगाने के लिए लेखकों और चित्रकारों द्वारा घड़े गए विचार और घटनाओं को हम आपस में बांटते हैं ।

माता पिता और छोटे बच्चों के लिए यह एक अनूठा अनुभव होता है । ये क्षण वे हैं जब अच्छा समय बिताने के लिए हम दोनों ही एक दूसरे की मदद करते हैं। कितना कीमती है ये सब?

Michael Rosen

माइकेल रोज़न, बच्चों के सम्मानित लेखक, 2007 - 09

कुछ प्रश्नों के जवाब

यदि मेरा बच्चा एक कठिन किताब चुन ले तो मैं क्या करूं?

किताब के कुछ हिस्से पढकर, आप उसमें लिखे विचार और चित्रों पर बात कर सकते हैं । बच्चों को ऐसी कठिन किताबें अच्छी लग सकती हैं जो वे स्वयं नहीं पढ़ सकते ।

मुझे उचित किताब कैसे मिलेगी?

- अपने बच्चे की बात सुनिए और पता लगाइए कि वह कैसी किताबें पढ़ना पसन्द करेगा/करेगी ।
- अन्य माता पिताओं अथवा बच्चे के अध्यापक से भी पूछा जा सकता है कि पढ़ने के लिए क्या उचित होगा ।
- पुस्तकालयों द्वारा स्वीकार्य किताबों, किताब की दुकानों और वेबसाइटस से भी पता लगाया जा सकता है ।

मैं समय कहां से निकालूं?

हर दिन दस से बीस मिनट या हफ़्ते में कई बार इकट्ठे पढ़ना बहुत बडी सहायता है ।

बच्चे के साथ अपनी मातृभाषा में पढ़ना क्या उपयुक्त है?

बच्चों के लिए घर में बोली जाने वाली भाषा में कहानियां और कविताएं सुनना मज़ेदार होता है । बड़ों के मुकाबले, बच्चे दो भाषाओं को बडी अच्छी तरह से समझ सकते हैं ।

अन्य बच्चों के मुकाबले में मेरा बच्चा पढ़ने में कमज़ोर क्यों है?

अधिकतर बच्चे चार और सात वर्ष की उम्र के बीच पढ़ना सीखते हैं पर सही तौर पर बच्चे अलग अलग गति से सीखते हैं । ज़रूरी बात तो ये है कि वे जाने कि किताबें कितनी मज़ेदार होती हैं ।

कुछ एक बातें याद रखने के लिए

विविधता अच्छी है । बच्चे को वही पढ़ने को प्रोत्साहित कीजिए जो उसे पसन्द है । इनमें शामिल की जा सकती हैं व्यंग, पत्रिकाएं, चुटकुले, कविता और खेल या पालतु जानवरों की किताबे ।

यदि बच्चा आपको पढ़ते देखता है तो ये अच्छी बात है - किताबों और पत्रों से लेकर ई-मेल्स, समाचारपत्र और पत्रिकाओं तक ।

स्कूल से भेजी गई हर किताब को पढ़ने का समय निकालिए और बच्चे के साथ उसकी पसन्दीदा किताबें भी पढिए ।

सोने के समय पढ़ने योग्य किताबें

सोने के समय कहानियों को सुनने सुनाने का एक ख़ास महत्व होता है ।

एक कहानी और या इस रात की बस एक आख़िरी कहानी का वादा बच्चों को सोने के समय के लिए लालायित करता है ।

सोने के समय की कहानियाँ बच्चे में सुरक्षा और स्नेह की भावना पैदा करती हैं ।

जब हम बूढे हो जाते हैं तो सोने के समय पढी गई किताबों की वो सुखद यादें हमें खुश करती हैं ।

यदि पूरा परिवार मिल कर पढे तो और भी मज़ा आता है - यह दर्शाता है कि कहानियाँ और पाठन कितना आवाश्यक है ।

बच्चे के साथ एक किताब पढ़ना

पढ़ने के लिए एक विशेष समय और स्थान बनाइए ।

मज़ेदार किस्सों पर मिल कर हंसिए और मज़ा लीजिए ।

चित्र में क्या हो रहा है, इस बारे में बात कीजिए । इससे बच्चे को कहानी आसानी से समझ आ जाएगी ।

किताब को जीवन में उतार लीजिए - बच्चे के पसन्दीदा चरित्रों के चित्र बनाइए और उनके बारे में मिलकर कहानियाँ गढ़िए ।

यहाँ आपके लिए कुछ उपयोगी वेबसाइटस दी जा रही हैं, ताकि आपको पियरसन, बुकट्रस्ट और बच्चों की किताबों के बारे अधिक जानकारी मिल सक ।

booktime.pearson.com
www.puffin.co.uk www.penguin.co.uk
www.pearson.com www.longman.co.uk
www.booktrusted.com www.booktrust.org.uk

धन्यवाद सहित :
माइकेल रोज़न, बच्चों के सम्मानित लेखक, (2007 - 09),
ज्ेकलीन वील्सन, बच्चों के सम्मानित लेखक, (2005 - 07),
लिनले डौड (2006) और ऐलन औलबर्ग (2007),
इएन व्हीब्रओ और ऐड्रियन रैनोल्ड्स (2008)
किताबों के उपहार के लिए;
जैरल्डीन टेलर, लेखक; टोनी रौस,
चित्रकार; वैंडी कूलिंग,
सलाहकार और मंत्रा लिंगुआ अनुवाद के लिए

PEARSON

booktrust

बुकटाइम